साजिश

फर्जी आदेश तैयार कर जमीन हड़पने की साजिश का मामला

किसान ने तहसीलदार पर लगाए गंभीर आरोप

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिले के करेली तहसील क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक किसान ने तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों पर उसकी कृषि भूमि हड़पने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में किसान ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

यह है पूरा मामला

आवेदक किसान दौलत सिंह लोधी, निवासी ग्राम सासबहु, तहसील करेली ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी भूमि को हड़पने के आशय से तहसील कार्यालय में एक प्रकरण तैयार किया गया, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई हैं। किसान का आरोप है कि तहसीलदार कार्यालय द्वारा की गई पूरी कार्यवाही संदिग्ध एवं नियमों के विपरीत प्रतीत होती है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित प्रकरण में न तो आदेश पत्रिका पर पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर हैं और न

ही उस पर आधिकारिक सील लगी हुई है। इसके बावजूद इस दस्तावेज को वैध मानकर आगे की कार्रवाई की गई। किसान ने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट रूप से फर्जी आदेश तैयार करने का मामला है, जिससे उसे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। किसान के अनुसार, दिनांक 26 अगस्त 2025 से लेकर 25 फरवरी 2026 तक की आदेश पत्रिका का अवलोकन करने पर भी कहीं भी अधिकृत हस्ताक्षर या सील नहीं मिली। इसके बावजूद उक्त दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण को आगे बढ़ाया गया, जो कि न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है।

किसान ने यह लगाए प्रशासन पर आरोप

आवेदक ने यह भी कहा कि उसे इस पूरे मामले की जानकारी 24 अप्रैल 2026 को प्रमाणित प्रति मिलने के बाद हुई, जिससे प्रकरण की वास्तविकता सामने आई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा जानबूझकर फर्जी तरीके से मामला तैयार कर किसान को परेशान करने और उसकी भूमि पर कब्जा करने की साजिश रची गई है।

उचित कार्यवाही की मांग

किसान ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके। इसके बावजूद इस दस्तावेज को वैध मानकर आगे की कार्रवाई की गई। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कदम उठाता है और क्या किसान को न्याय मिल पाता है या नहीं।

इनका कहना है

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों में आदेश और कार्यवाहियों में तहसीलदार महोदय के हस्ताक्षर नहीं है, यह कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का मामला है , इसलिए दोषियों पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए।

– **दौलत लोधी** आवेदक

बरगी नहर के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा पर्याप्त पानी

नवभारत/ नरसिंहपुर। कार्यपालन यंत्री रा.अ.बा.लो. सागर नहर संभाग क्रमांक एक करेली एसके मालवीय ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में गन्ने और मूंग की फसल के लिए बरगी नहर के माध्यम से किसानों को पर्याप्त पानी उपलबध कराया जा रहा है। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में करेली संभाग कार्यक्षेत्र की समस्त नहरों के अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न तालाबों में भी पानी दिया जा रहा है, जिससे भू-स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने बताया कि करेली संभाग के अंतर्गत आने वाली रेनुका वितरण नहर के ग्राम बम्होरी, आमगांव, मोहद, करेली, राकई एवं डुंगरिया वितरण नहर के ग्राम भिंडवार, चीकसा कांकर कुइया, केकरा, बंदेसुर, बटेसरा, मड़ेसुर, सिंगौठा, डुंगरिया, रीछा हेमरा, सडूमर शाखा नहर के ग्राम खंचारी, दुधवारा, बुधवारा, ढांडिया, लाखा सडूमर एवं अमोदा वितरण नहर के ग्राम पनारी, टेकापार, नारगी, करपगांव, पुरगुवां, बम्होरी, घाटपिपरिया, बरेली, बरहेटा एवं कौडिया आदि ग्रामों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। नहर का संचालन ग्रीष्म सिंचाई हेतु जून माह तक किया जावेगा। किसानों से आग्रह किया गया है.

मकान गणना शुरू घर-घर पहुंच रहे लोक सेवक

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। आगामी जनगणना की तैयारियों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मकान गणना का कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। शासन के निर्देशानुसार लोक सेवक घर घर पहुंचकर मकानों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति मकान के प्रकार सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक आंकड़ों का सर्वे किया जा रहा है। लोक सेवकों द्वारा सुबह से शाम तक ग्राम के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थित ढंग से गणना कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों से सहयोग की अपील भी की जा रही है। ताकि सही और सटीक जानकारी एकत्रित की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि

जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिससे विकास योजनाओं का निर्धारण किया जाता है। ग्रामवासियों ने भी इस कार्य में सहयोग करते हुए अपने अपने घरों की जानकारी उपलब्ध कराई। कुछ स्थानों पर लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे लोक सेवकों को सही जानकारी दें और इस कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। मकान गणना का यह कार्य कुछ दिनों तक ही जारी रहेगा जिसके बाद जनसंख्या गणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गौ सम्मान राष्ट्र माता घोषित करने सौंपा ज्ञापन

नवभारत/तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्र व्यापी आह्वान के अंतर्गत गौ भक्तों द्वारा गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने के उद्देश्य से संपूर्ण देश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त हस्ताक्षरों को देश के महामहिम राष्ट्रपति राज्यपाल और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को सौंपकर मांग की जायेगी। तेंदूखेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में कथा वाचक श्रेया किशोरी जी द्वारा गौ माता में देवताओं का बास बताते हुए राष्ट्र माता का दर्जा देने की बात कही। तत्पश्चात अनु विभागीय अधिकारी तेंदूखेडा को महामहिम राष्ट्रपति महामहिम राज्यपाल और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया ।इस मौके पर नर्मदा तट टिमरावन घाट वाले महाराज जी पं चंद्रकांत चौबे राजू सिंह राजपूत बी डी चडार रामलता लोधी राधा पटैल धनंजय तिवारी महेन्द्र शर्मा राजेश चडार प्रदीप तिनगुरिया राजूपाली शालिगराम पटैल चरन पटैल राघवेंद्र सिंह लोधी परसोत्तम पटैल सोनू महाराज मुकेश पुजारी शिवदयाल ठाकुर मोनू पठ्या नेतराम रजक राजा जाटव मोनू लोधी रिषी राजपूत दीपक पटैल ग्रामीणों से गो सेवकों की उपस्थिति रही।

सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में वाहन चालक पर मामला दर्ज

नवभारत/ गोटेगांव। थाना क्षेत्र में बीते दिवस एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना छिंदोरी रेलवे ब्रिज के पास, जहां एक तेज रफ्तार कार द्वश्च 09 ह्लक्क 9211 जिसमें विश्व हिंदू परिषद लिखा हुआ था कार ने व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक विनीत विश्वकर्मा छिंदोरी हार निवासी की मौत हो गई थी द्व अगले दिन उक्त मामले में थाना गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि, मृतक विनीत विश्वकर्मा 45 वर्ष बीते दिवस एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी ! जिस पर हमने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर जानकारी किए जाने के उपरांत वाहन चालक आशुतोष परिहार बकोरी पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रहे।

ठेमी गांव में सफाई व्यवस्था चरमराई, संक्रमण बढ़ने की आशंका

विद्यालय के सामने बह रहा गंदा पानी, नालियां चोक, सफाई अभियान की उड़ रही धज्जियां

नवभारत/ गोटेगांव। जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेमी और स्थानीय बेलहाई स्कूल के सामने स्वच्छता एव निर्माण कार्यों की बदहाली ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। ठेमी ग्राम में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जहां नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस स्थिति से न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि भीषण दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते

प्रकोप के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पंचायत प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सड़कों पर फैले कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गोटेगांव स्थित शासकीय महाजनी नवीन माध्यमिक विद्यालय (बेलहाई) के मुख्य द्वार के सामने ठेकेदार की लापरवाही छात्रों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। यहां नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे खुदाई तो कर दी गई, लेकिन काम को महीनों से अधूरा छोड़ दिया गया है। स्कूल जैसे व्यस्त और संवेदनशील स्थान पर खुले पड़े ये गड्ढे और अधूरा निर्माण विद्यार्थियों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। अभिभावकों और %स्थानीय नागरिकों ने इस पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ गांव में नालियां चोक हैं और दूसरी तरफ स्कूल के सामने खुदाई कर काम बंद कर दिया गया है,जो प्रशासनिक अनदेखी का जीवंत उदाहरण है क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि ठेमी की सड़कों की तत्काल सफाई कराई जाए और स्कूल के सामने अधूरे नाली निर्माण को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए। जिससे होने वाली असुविधा से निजात मिले।

केईएस के छात्रों के लिए नि:शुल्क समर कैंप

नवभारत/करेली। नगर की बहुप्रतिष्ठित संस्था खरया चैरिटेबल सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालय खरया इंग्लिश स्कूल में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों से अलग उनकी रूचि अनुसार प्रतिभाओं में निखार लाने तथा वर्षभर विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों में छात्रों के सहभागिता को ध्यान में रखकर विभिन्न कलाओं का नि:शुल्क प्रशिक्षण का आयोजन संस्थागत छात्रों के लिए किया गया है। यह शिविर 4 मई से 13 मई तक रहेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में आर्ट एवं क्राफ्ट, संगीत एवं नृत्य, खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश, योगा, क्रिएटिव राइटिंग, मेंहदी एवं रंगोली तथा व्यक्तित्व विकास आदि कलाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सुहाने, सचिव

डॉ. आर. के. गुप्ता एवं डायरेक्टर श्री राजीव कुमार सुहाने ने बच्चों से अपील की है कि वे इस नि:शुल्क शिविर का लाभ लें एवं आनंद उठायें । विद्यालय के प्राचार्य जी. बी. चौधरी एवं उपप्राचार्या श्रीमती नीलू गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि इस शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत सभी कक्षाओं के छात्र सम्मिलित हो सकते हैं जिन्हें प्रशिक्षण उपरांत प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा। यह शिविर प्रात: 7 बजे से 9:30 बजे तक संचालित होगा।

साहू समाज सहित अन्य गौ भक्त धार्मिक, सामाजिक संगठन मैदान में

नवभारत/गोटेगांव विगत दिवस स्थानीय साहू समाज उत्थान मंडल और गो सम्मान अभियान संघ ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन गोटेगांव एसडीएम संघमित्रा गौतम को दिया गया। इसमें मध्यप्रदेश में गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की गई है।संगठन ने ज्ञापन में राज्यपाल के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना की। उन्हें जन-कल्याण और न्यायप्रियता का प्रतीक बताया गया। संगठन ने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता से प्रदेश के नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण और वंचित वर्ग में विश्वास बढ़ा है।संगठन ने अपने निवेदन में बताया कि गोवंश प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार है। मध्यप्रदेश की परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत गोवंश से जुड़ी रही हैं, इसलिए इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है।ज्ञापन में यह भी

उल्लेख किया गया कि समय के साथ गोवंश की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्वतंत्रता के समय प्रति व्यक्ति 10 गोवंश उपलब्ध थे, जो अब घटकर 10 व्यक्तियों पर 1 गोवंश रह गए हैं। इसे चिंताजनक बताते हुए कहा गया कि देशी गोवंश विलुप्ति के कगार पर पहुंच रहा है।संगठन ने गो-तस्करी, बूचड़खानों में वध, सड़कों पर दुर्घटनाओं और शहरी क्षेत्रों में पॉलिथीन खाने से हो रही मौतों को प्रमुख समस्याएं बताया। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि गोवंश के संवैधानिक, सामाजिक और आर्थिक संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाकर प्रभावी कदम उठाए जाएं।

पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में युवक की मौत

नवभारत/गोटेगांव। ठेमी थाना के अंतर्गत ग्राम नयागांव में रविवार की दोपहर गांव के मंदिर के पास दो पक्षों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक ग्रामीण के साथ लाठी-डंडे से बेरहमी से इस तरह मारपीट की गई कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही दो लोगों को अभिरक्षा में ले लिया है। घटना की वजह दो साल से चल रही पुरानी रंजिश बताई जा रही है। घटना में एएसपी संदीप भूरिया ने बताया कि नयागांव निवासी गजराज पिता रूपसिंह सिलावट उम्र 48 वर्ष और उसके पड़ोस में ही रहने वाले प्रदीप सिलावट एवं अखिलेश सिलावट से करीब दो साल से पुरानी रंजिश चल रही थी। जांच में पता चला है कि दोनों के बीच किन्ही सामाजिक विषयों को लेकर विवाद था। बीते दिवस दोपहर दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ तो मारपीट होने लगी। मारपीट में गंभीर रूप से घायल गजराज को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में मृतकों के परिजनों से पूछताछ हो रही है। मामले में अभी प्रदीप सिलावट व अखिलेश सिलावट को अभिरक्षा में लिया है।वही पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया जहां सोमवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

इनका कहना है

मृतक के परिजनों के बयान एवं घटना की जांच में आगे जो तथ्य आएंगे उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

संदीप भूरिया, एडिशनल एसपी नरसिंहपुर

गाडरवारा में बढ़ते हादसों पर फूटा गुस्सा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत/गाडरवारा। क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और अव्यवस्थित यातायात को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। नागरिकों ने अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा,क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण सहित कई अहम मांगें रखीं। ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे फाटक के पास आए दिन जाम और हादसे हो रहे हैं, जिससे लोगों की जान पर बन आती है। खासकर कांच मंदिर के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही और अव्यवस्था के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। नागरिकों ने ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्त रोक लगाने और यातायात व्यवस्था

दुरुस्त करने की मांग की है।इसके अलावा हाल ही में हुई दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई है। ज्ञापन में साफ कहा गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन , कांग्रेस नेत्री मोना कौरव के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों भी शामिल रहे।

बाइक पर जा रही महिला को आया चक्कर, मौत

नवभारत/गोटेगांव। ठेमी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूरवारी के पास मोटरसाइकिल से गिरने के कारण एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सूरवारी निवासी लीलाबाई पति लक्ष्मण सिंह पटेल उम्र 45 वर्ष को जिला अस्पताल लाया गया था जहां जांच में मृत घोषित किया गया। वहीं परिवार के सदस्य सौरभ लोधी ने बताया कि लीलाबाई परिवार के साथ मोटरसाइकिल से जा रहीं थीं, अचानक चक्कर आने से यह घटना हुई। पुलिस ने मामले में मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया।

जिला दंडाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

हर किसी के प्रति हमें अपने मन को पॉजिटिव बनाना होगा : मीना

नवभारत/ नरसिंहपुर। नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में भगवान नरसिंह जयंती एवं नगर गौरव दिवस का आयोजन 30 अप्रैल को किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होना प्रस्तावित है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने उक्त आयोजन में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में ड्रोन के अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षा में खतरे को देखते हुए नरसिंहपुर मंदिर परिसर एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन को उड़ाने/ उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि तक सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 28 अप्रैल से एक मई तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में सात दिवसीय दिव्य चेतना राजयोग शिविर

नवभारत/ गोटेगांव। नगर के शिक्षक कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में सात दिवसीय दिव्य चेतना राजयोग शिविर के शुभारंभ पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा चौकसे समाज सेविका निशा बरडिया इंजी.राहुल साहू ब्रह्माकुमारी मीना बहन एवं जबलपुर से पधारी पूजा दीदी द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया वहीं पूजा बहन ने बताया आज चारों तरफ दुख अशांति परेशानियां बढ़ती जा रही है हर कोई हर किसी से परेशान है कोई बच्चों से परेशान तो कोई धन से परेशान तो कोई शरीर से परेशान नौकरी से परेशान हर कोई हर किसी से परेशान है। देखा जाए खुशी गम हो चुकी है चारों तरफ टेंशन तनाव का बोलबाला उन्होंने बताया डिप्रेशन क्या है डिप्रेशन का मतलब है मन

का थक जाना जब कोई बात या परिस्थिति हमें गहराई से परेशान करती है हम उसे बार-बार नकारात्मक तरीके से सोचते तो वह सोच धीरे-धीरे हमारे मन पर हावी हो जाती है डर और चिंता मन में बैठ जाती है जिससे हम खुद पर दबाव महसूस करने लगते हैं ऐसे में मन अशांत हो जाता है लगातार सोचने से थकान कमजोरी और मानसिक ऊर्जा की कमी हो जाती है। छोटी-छोटी बातों में उलझने से घबराहट बेचैनी और अकेलापन महसूस होने लगता है ध्यान भटकने लगता है और व्यवहार भी बदलने लगता है डिप्रेशन शारीरिक बीमारी नहीं बल्कि मानसिक स्थिति है यह समझना बेहतर जरूरी है कि डिप्रेशन कोई शारीरिक बीमारी नही एक मानसिक स्थिति है जो हमारी सोच और भावनाओं से जुड़ी होती है जरूरी नहीं है कि इसका इलाज दवाइयां से ही हो बल्कि इसे सोचने के तरीके से और जीवन के प्रति दृष्टिकोण बदलने से ठीक किया जा सकता है हम अपनी समस्याओं को समझना और उसके समाधान की दिशा में कदम बढ़ाते हैं तो हमारा मन खुद व खुद शांत होने लगता है।

गुणों का दान

अपने मन को पॉजिटिव बनाना होगा हर किसी के प्रति शुभ सोचा होगा अच्छी सोच ही हमारे जीवन को बदल सकती है जीवन में खुशियां कहीं नहीं है खुशियां हमारे अंदर ही है हमें सिर्फ देना सीखना है खुशी देना सम्मान देना प्यार देना मीठे बोल बोलना जब हम किसी को अपने गुणो का दान करते हैं तो हमें खुद ब खुद खुशी प्राप्त होती है उन्होंने बताया मेडिटेशन के बारे में नियमित ध्यान से मन शांत होता है और अंदर से ऊर्जा मिलती है इसके लिए सात दिवसीय मेडिटेशन कोर्स सीखें ब्रह्माकुमारी संस्था में आत्मज्ञान और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से डिप्रेशन का प्रभावी समाधान प्रस्तुत किया जाता है यहां पर मन को स्थिर और शांत करने की सहज और वैज्ञानिक विधियों सिखाई जाती हैं।

कार्यालय नगर परिषद, चीचली, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Phone: 07790-226620 Email: cmochichli@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 109/ ई-टेण्डर/ 2026-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — चीचली, दिनांक:- 28/04/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2026_UAD_502410_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 02 में नलकूप से श्रीकात तापकार तक रोड मरम्मत कार्य।	03 माह 1689696.00	2000.00 12680.00	05/06/2026
2.	2026_UAD_503342_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 15 में सुखमन चौधरी के घर से श्मशान घाट तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	03 माह 1041512.00	2000.00 7815.00	19/05/2026
3.	2026_UAD_503343_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 09 में शेख कमरूदीन के घर से सुबराती खान के पर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	03 माह 520695.00	2000.00 5210.00	19/05/2026
4.	2026_UAD_503344_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 06 में चबूतरा निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	02 माह 318102.00	2000.00 3185.00	19/05/2026
5.	2026_UAD_503345_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 06 में सुखराम कुशवाहा के घर से धर्मचौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	03 माह 581128.00	2000.00 5815.00	19/05/2026
6.	2026_UAD_503346_1 29.04.2026	वार्ड क्र. 04 में बब्लू चौरसिया से रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (पांचवा आमंत्रण)	02 माह 458138.00	2000.00 4600.00	19/05/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

श्री शेख मंजूर
अध्यक्ष
नगर परिषद, चीचली

श्री राकेश मिश्रा
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, चीचली